तापमान
अधिकतम 29.3 डिग्री
न्यूनतम 8.6 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 22 नवंबर, 2025

9 एक राष्ट्र-एक चुनाव लेकर आएगा सुशासन : राणा



10 नागरिक अस्पताल में ओपीडी सेवाएं धड़ाम



**खबर संक्षेप**



### मोहाना में घर से चोरी, दो गिरफ्तार, रुपये बरामद

**सोनीपत।** थाना मोहाना की पुलिस ने गांव मोहाना में घर से रुपये और जरूरी कागजात चोरी करने की घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल और अंकित निवासी मोहाना, सोनीपत के रूप में हुई है। यह मामला 19 नवंबर को राजबीर निवासी मोहाना द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित है। राजबीर ने बताया था कि 18-19 नवंबर की रात करीब 1 बजे उनके घर में चोरी हुई थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरीशुदा राशि में से 1500 रुपये बरामद किए हैं।

### 350 साला शहीदी समागम कल से

**सोनीपत।** गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब सेक्टर 15 में 23-24 और 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर साहब का 350 साला शहीदी समागम मनाया जाएगा। 23 नवंबर को प्रातः ठीक 4:00 बजे प्रभात श्री गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होगी व नगर के सभी गुरुद्वारा साहिब में होते हुए 10:00 बजे समाप्ति होगी। महासचिव परमजीत सिंह ने बताया कि 23 तारीख रात को कीर्तन दरबार सजाया जाएगा व 24 तारीख रात को कीर्तन दरबार सजाया जाएगा 25 को दोपहर और रात दोनों समय कीर्तन दरबार सजाया जाएगा।

### शादी का झांसा दे यौन शोषण करने का आरोप

**गन्नौर।** शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपित की तलाश की जा रही है। दिल्ली की रहने वाली पीड़िता ने थाने में शिकायत देकर बताया कि गांव गढ़ी झंझारा निवासी सागर ने उससे नजदीकियां बनाई। कई महीनों तक आरोपित उन्हें शादी का भरोसा देकर अलग-अलग स्थानों पर ले जाता रहा और उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब उन्होंने शादी के लिए का दबाव बनाया तो आरोपित मुकर गया।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है और चोरी किया गया वाहन भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान समीर निवासी देवडू, सोनीपत के रूप में हुई है। इस संबंध में 20 नवंबर 2025 को सतपाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी देवडू ने थाना सैक्टर-27 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरसाइकिल घर के बाहर से चोरी हो गई थी।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना शहर सोनीपत पुलिस ने बाइक चोरी में संलिप्त एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अशोक निवासी तिहाड़ कलां, जिला सोनीपत, हाल राजीव नगर लिबासपुर, उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है। 20 नवम्बर को शिशपाल निवासी मयूर विहार ने पुलिस को सूचना दी थी कि एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर में आकर परिवार को परेशान कर रहा है, जिसके पास एक बाइक थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक बाइक के दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

---

बढ़ते प्रदूषण के चलते उद्योगों में जांच, ग्रेप-3 की सख्त पालना करने के निर्देश

# एक्शन में प्रशासन, 19 टीम बना 55 अधिकारी फील्ड में उतरे, 140 औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

- उपायुक्त सुशील सारवान और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में यह बड़ा अभियान शुरू किया
- राई, बड़ी, गन्नौर, कुंडली, खरखौदा और मुरथल में स्थित उन सभी औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गंभीर होते वायु प्रदूषण की स्थिति के मद्देनजर, सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों और सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप-3) की सख्त पालना सुनिश्चित करने के लिए सोनीपत जिला प्रशासन ने आज सुबह एक अभूतपूर्व और व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। देर शाम तक इस अभियान के तहत 140 से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा चुका था। उपायुक्त सुशील सारवान और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में यह बड़ा अभियान शुरू किया गया। जिले के चारों उपमंडल अधिकारियों (एसडीएम) की अगुवाई में कुल 19 संयुक्त टीमें गठित की गईं, जिनमें 55 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी और भारी पुलिस बल शामिल थे। यह अभियान सुबह सात बजे राई रेस्ट हाउस में शुरू हुआ, जिसे अस्थायी कंट्रोल रूम भी बनाया गया था। उपायुक्त सुशील सारवान ने मौके पर उपस्थित होकर सभी टीमों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। टीमों को तुरंत जिले के औद्योगिक क्षेत्रों जैसे राई, बड़ी, गन्नौर, कुंडली, खरखौदा और मुरथल में स्थित उन सभी औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण करने के लिए रवाना किया गया जिन पर प्रदूषण फैलाने का संदेह था या जो ग्रैप-3 के मानकों का उल्लंघन कर रही थीं।



सोनीपत। एक फैक्टरी में निरीक्षण करते अधिकारीगण।



सोनीपत। अधिकारियों की टीमों को निर्देश देते हुए उपायुक्त।

### कठोर कार्रवाई की तैयारी



निरीक्षण के दौरान टीमों ने प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की कार्यप्रणाली, उपयोग किए जा रहे ईंधन के प्रकार (केवल स्वच्छ ईंधन जैसे पीएनजी/सीएनजी की अनुमति), एमिशन मानकों की पालना और धूल नियंत्रण व्यवस्था की गहन जांच की। उपायुक्त ने बताया कि जहां-जहां अनियमिताएं मिली हैं, उनकी रिपोर्ट कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) को भेजी जाएगी और नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इनमें इकाइयों की सीलिंग, बिजली कनेक्शन कटौती और भारी जुर्माना लगाने की सिफारिश शामिल है।

### अक्षरशः पालन करेंगे ग्रैप 3 के नियमों का

ग्रेप-3 के तहत प्रमुख उपायों में सभी निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध, बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-चार डीजल वाहनों पर चलने की मनाही, गैर-साफ ईंधन पर आधारित उद्योगों का संचालन बंद करना और सड़कों पर जल छिड़काव बढ़ाना शामिल है। जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग दें और किसी भी प्रदूषणकारी गतिविधि (जैसे कचरा जलाना) की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष या संबंधित अधिकारियों को दें। जिला प्रशासन ने दोहराया है कि उसका लक्ष्य न केवल तत्काल राहत प्रदान करना है, बल्कि क्षेत्र में दीर्घकालिक स्वच्छ वायु सुनिश्चित करना है। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ग्रैप-3 के प्रावधानों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### गंभीर श्रेणी में पहुंचा वायु प्रदूषण

यह कार्रवाई तब की गई जब दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (ऐक्यूआई) 401 से 450 के बीच यानी 'गंभीर' (सीवीर) श्रेणी में पहुंच गया, जिसके कारण सीएक्यूएम द्वारा ग्रेप-3 को तत्काल प्रभाव से सक्रिय किया गया। हालांकि सोनीपत का एक्यूआई शुक्रवार को 307 रहा, जोकि 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।



---

मूर्ति देवी की मोटेशन लटकाई तो न्यायालय ने सख्ती बरतते हुए दिए आदेश

# तहसीलदार व नायब तहसीलदार की सरकारी गाड़ी की जब्त करके थाने में खड़ी करो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गढ़ी सिसाना की रहने वाली मूर्ति देवी अपनी ही जमीन की दाखिल–खारिज अर्थात मोटेशन करवाने के लिए कई महीनों से तहसील के चक्कर काट रही थीं। बार-बार आवेदन, अधिकारियों से मुलाकात और दस्तावेज़ों की जांच सब कुछ पूरा करने के बाद भी मोटेशन नहीं हुई। आखिरकार परेशान होकर मूर्ति देवी ने अदालत की शरण ली। 11 सितंबर 2025 को जज विक्रांत ने मामले की सुनवाई कर तहसीलदार को स्पष्ट और तत्काल प्रभाव से मोटेशन एंट्री करने के आदेश दिए थे। अदालत के आदेशों के बावजूद जब हफ्तों तक कोई प्रगति नहीं हुई, तो मूर्ति देवी दोबारा न्यायालय पहुंचीं। दूसरी सुनवाई में अदालत का रुख और भी कड़ा हो गया। जज विक्रांत ने तहसील प्रशासन की देरी और आदेशों की अनदेखी पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि अदालत के निर्देशों की अवमानना किसी भी अधिकारी को महंगी पड़ेगी। अदालत ने तत्काल मोटेशन करने के निर्देश तो दिए ही, साथ ही अवमानना के रूप में बड़ा कदम उठाते हुए तहसीलदार और नायब तहसीलदार की सरकारी गाड़ी जब्त कर पुलिस थाने में खड़ी करवाने का आदेश जारी कर दिया। इस आदेश ने पूरे तहसील प्रशासन में हड़कंप मचा दिया।

### अदालत की सख्ती से ग्रामीणों में उम्मीद जगी

अधिकारी स्तर पर चर्चा का माहौल बन गया कि कोर्ट की कार्रवाई अब केवल नोटिस तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सीधी कार्रवाई होगी। ग्रामीणों में भी इस फैसले को लेकर चर्चा है। उनका कहना है कि आम लोगों को सरकारी कार्यालयों में अक्सर महीनों चक्कर काटने पड़ते हैं, लेकिन अदालत की इस सख्ती से उम्मीद जगी है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी समय पर निभाएगा। मूर्ति देवी का कहना है कि न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद उन्हें भरोसा है कि अब उनकी मोटेशन कार्य सिरे चढ़ पाएगा।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने शिवम निवासी इंडियन कॉलोनी को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सहायक उप निरीक्षक अजमेर की टीम को 20 नवंबर 2025 को सूचना मिली थी कि शिवम अवैध हथियार लेकर इंडियन स्कूल के पास रोड पर खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत रेड कर शिवम को पकड़ा, जिसकी तलाशी के दौरान उसके पास से भी एक देशी पिस्तौल 315 बोर बरामद हुआ। इस संबंध में थाना शहर सोनीपत में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया।

---

## भोगीपुर गांव में सप्लाई किया जा रहा दूषित पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव भोगीपूर में जनस्वास्थ्य विभाग के ट्युबवैल नंबर 3 से दूषित पेयजल आपूर्ति होने के सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण जनस्वास्थ्य विभाग से लेकर एसडीएम कार्यालय में शिकायत कर थक चुके हैं, लेकिन दूषित पानी की सप्लाई थम नहीं रही है, जिस वजह से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सतीश, सुशील, संदीप, सुनील ने बताया कि उनके गांव में लगे ट्युबवैल नंबर 3 से सुबह व शाम को सप्लाई होने वाले पानी मिट्टी युक्त होने के साथ ही बदबूदार भी है। सुबह व शाम पानी की सप्लाई के समय आधे घंटे तक टोंटियों से दूषित पानी निकलता है। जो किसी भी काम में प्रयोग करने लायक नहीं होता। इस वजह से उनके समय और पानी दोनों बर्बाद हो रहे हैं।



## उपायुक्त ने नई अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नई अनाज मंडी गोहाना का उपायुक्त सुशील सारवान ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बताया कि सरकार किसानों की फसल खरीदने के लिए सभी प्रबंध कर रही है। किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। फसल के उठान में देरी नहीं होगी एवं किसानों को फसल के उचित मुल्य का भुगतान समय पर किया जाएगा।उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि आढ़तियों द्वारा किसानों की फसल खरीद में किसी प्रकार की भी कोताही ना बरती जाए। तोलने वाले उपकरणों का भी नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। इस मौके पर मोर्किट कमेटी जिला प्रबंधक ज्योति धनखड़, सचिव सुरेश कुमार के साथ अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



गोहाना। उपायुक्त सुशील सारवान कर्मचारियों से जानकारी लेते हुए।

## साइबर ठगी : चार लोगों से 9.16 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन टास्क, एपीके लिंक और क्यूआर कोड ठीक करने जैसे अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल कर ठगी का शिकार बना रहे हैं। हाल ही में चार अलग-अलग मामलों में ठगों ने लोगों के बैंक खातों से 9.16 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की है, जिनके मुकदमे साइबर थाना में दर्ज किए गए हैं।

पहली घटना में, गांव खानपुर कलां निवासी अजय को टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क पूरे करने का लालच दिया गया। उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया और नए टास्क के नाम पर अलग-अलग खातों में रुपये जमा कराने को कहा गया। अजय ने 8 से 30 सितंबर के बीच विभिन्न खातों में चार लाख रुपये भेज दिए। जब उन्होंने रुपये वापस मांगे तो उन्हें टाल दिया गया, जिसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दी।

### एपीके फाइल डाउनलोड करते ही 1.78 लाख उड़े

ककरोई रोड निवासी सुरेश के साथ मोबाइल हैक कर धोखाधड़ी हुई। 30 सितंबर को उनके मोबाइल पर एक नंबर से एपीके फाइल भेजी गई। इस फाइल को डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। 1 अक्तूबर को उनके पीएनबी क्रेडिट कार्ड से लगातार चार ट्रांजैक्शन में 1.78 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए।

### क्यूआर कोड ठीक करने के बहाने 2.38 लाख उड़ाए

बीसवां मील निवासी सब्जी विक्रेता नंदलाल के साथ क्यूआर कोड ठीक करने के बहाने 2.38 लाख की ठगी की गई। 4 अक्तूबर को उनके पास एक युवक का कॉल आया, जिसने क्यूआर कोड सही करने का झांसा दिया। युवक ने उनके मोबाइल पर कुछ जानकारी ली, जिसके तुरंत बाद उनके बैंक खाते से 2.38 लाख रुपये भेज दिए गए।

### लिंक भेजकर मोबाइल हैक किया, एक लाख निकाले

गन्नौर निवासी सनवर ने प्राथमिकी दर्ज कराई कि उनके पास एक लिंक भेजा गया था, जिसके कारण उनका मोबाइल हैक हो गया। ठगों ने खाते से एक लाख निकाल लिए।

---

दुकान के बाहर सामान रखने वालों पर कार्रवाई

# गोहाना और गन्नौर में अतिक्रमण पर चला डंडा

## नगर परिषद ने पुलिस के सहयोग से हटवाया सामान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शुक्रवार को नगर परिषद (नप) ने पुलिस का सहयोग लेकर शहर में पुरानी अनाज मंडी और रेलवे कालोनी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इन दिनों जींद रोड स्थित नई अनाज मंडी में धान का सीजन चला हुआ है। अनाज मंडी में ट्रैक्टर-ट्रालियों से फसल खाली करने के बाद किसान शहर में पुरानी अनाज मंडी और दूसरी जगह से खरीददारी करने पहुंचते हैं। पुरानी अनाज मंडी में दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर दूर तक सामान रखा जाता है। इससे रास्ता संकरा हो जाता है और जाम लगता है। फुटपाथों पर भी सामान रखकर कब्जा करने से पैदल आवागमन करने वालों को परेशानी होती है।

### शिव चौक से शुरू होकर पुरानी अनाज मंडी पहुंची टीम

जाम की शिकायतें मिलने पर शुक्रवार को ईओ निशा शर्मा के निर्देश पर नप की टीम ने कार्रवाई की। इसके लिए पुलिस का सहयोग भी लिया गया। नप व पुलिस की टीम ने शिव चौक से कार्रवाई शुरू की और उसके बाद पुरानी अनाज मंडी पहुंची। वहां दुकानों के बाहर से सामान जब्त किया गया। मंडी के साथ रेलवे कालोनी के मुख्य रास्ते के बाहर से भी सामान जब्त किया। टीम को देखकर कुछ दुकानदार सामान समेटते हुए नजर आए, लेकिन इससे पहले नप कर्मियों ने मोबाइल से उनका वीडियो बनाया।

## अवैध रूप से दुकान से बाहर रखा सामान जब्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगर पालिका ने शुक्रवार को जीटी रोड़ पार बेगा रोड़ के मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नपा ने शहर के बेगा रोड पर दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से दुकान से बाहर रखे सामान को जब्त कर लिया और नगर पालिका में ले आए। इस कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। शहर के दुकानदारों द्वारा किए जाने वाले अतिक्रमण से हर समय रोड़ पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम की शिकायतें आए दिन प्रशासन के पास आ रही हैं, जिस पर नगरपालिका सचिव ने अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। इसी के चलते नपा ने बेगा रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

### भारी भरकम जुर्माने के बाद ही सामान को छोड़ा जाएगा

नपा सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि कोई भी शहर में अतिक्रमण न करें, अन्यथा उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा और भारी भरकम जुर्माने के बाद ही सामान को छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि वे समय समय पर व्यापार मंडल व दुकानदारों से सहयोग मांगते रहते है लेकिन कुछ दुकानदार रेहड़ी फड़ी वालों से किराए के चक्कर मे अतिक्रमण करवाते है। उन्होंने कहा कि यदि दुकानदार गैर कानूनी तौर पर अतिक्रमण करेंगे तो उनके खिलाफ नगरपालिका सख्त कार्रवाई करेगी।

---

## शराब के ठेके से लूट गिरोह का पांचवां गुर्गा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

थाना बहालगढ़ पुलिस ने शराब के ठेके पर पिस्तौल के बल पर हुई लूट की वारदात में संलिप्त पांचवें आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जीतू उर्फ जीत निवासी खुरामपुर, जिला रेवाड़ी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर हिरासत में लिया। इससे पहले पुलिस तीन अन्य आरोपितों अंकित, विनीत, कर्मवीर और एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में ले चुकी है।

मामला 30 जून 2025 का है, जब अमित पुत्र दर्शन निवासी बुटाना ने थाना बहालगढ़ में शिकायत दी थी कि वह वाइट लिली सिटी के पास नीलकंठ ढाबा स्थित शराब ठेके पर सेल्समैन है। शाम करीब 4:30 बजे तीन युवक शराब लेने के बहाने ठेके में घुसे। इसी दौरान एक युवक ने कमर से पिस्तौल निकालते हुए अमित पर तान दी। दूसरे युवक ने काउंटर की दूसरी ओर से आकर उस पर पिस्तौल अड़ा दी और धमकी दी कि हिला तो गोली मार देंगे। तीसरा युवक सामने खड़ा रहा। इसके बाद एक युवक ने गल्ले को जोर से झटके के साथ उखाड़ लिया और तीनों ठेके के बाहर भागकर मुख्य सड़क पर खड़ी स्विफ्ट कार में बैठकर फरार हो गए। वे करीब 40 हजार रुपये लूटकर चले गए।



सोनीपत। पुलिस गिरफ्त में आरोपित जीतू उर्फ जीत।

### दो दिन के रिमांड पर लिया

थाना बहालगढ़ में भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक अनिल की टीम ने आरोपितों की तलाश में कई सुराग खंगाले। इसी कड़ी में पांचवें आरोपित जीतू उर्फ जीत को गिरफ्त में लिया गया। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से दो दिन के पुलिस रिमांड की मंजूरी मिली है।



# हेलेन का जन्मदिन मनाने एकजुट हुआ खान परिवार

**मुंबई।** सलमान खान के परिवार में एक बार फिर खुशियों का दिन लौट चुका है। उनकी दूसरी मां हेलेन ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में पूरा खान परिवार एक बार फिर खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आया। हेलेन के जन्मदिन को खास मनाने के लिए कई सितारे पहुंचे। एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी हेलेन के इस खान दिन को और खास बनाने के लिए पहुंची हैं। इसके अलावा सलमान की मां सलमा खान को भी यहां देखा गया। अभिनेत्री के जन्मदिन के लिए कई सेलेब्स पार्टी में पहुंचे। लेखक और सलमान खान के पिता सलीम खान भी नजर आए। सलमान खान की मां सलमा खान भी अलग से इस पार्टी में पहुंचीं। सलमा का पार्टी में पहुंचना ये साफ दिखाता है कि उनके और हेलेन के बीच कितना प्यार है।

## लाइफ Style

# रकुल
## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती

रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रकुल प्रीत सिंह ने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती। बॉलीवुड एक बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया 'मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।' अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा 'जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।' अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।



## हॉलीवुड मसाला



# हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के दिलों में दिवंगत चैडविक बोसमैन के लिए एक बेहद खास जगह है। पर्दे पर सुपरहीरो 'ब्लैक पैंथर' का रोल निभाने वाले चैडविक को 5 साल पहले 2020 में नासूर कैंसर ने हम सभी से छीन लिया। गुरुवार को चैडविक बोसमैन को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' स्टार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उनकी विधवा सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन मौजूद रहीं। दिवंगत पति को मिले सम्मान को पाकर जहां सिमोन के चेहरे पर एक हंसी थी, वहीं आंखों में नमी और दिल की गहराई में दुख का सैलाब भी था। 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' के स्टार सेरेमनी में सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन के साथ ही 'ब्लैक पैंथर' फिल्म के डायरेक्टर रयान कूगलर और एक्टर वियोला डेविस भी मौजूद थीं।



# मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मिस जमैका

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स 2025 के इवेंट के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस हादसे में मिस जमैका को बुरी तरह से चोट लग गई है। ये हादसा फिनाले से सिर्फ दो दिन पहले 19 नवंबर को हुआ था, जिसका वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मिस जमैका ऑरेंज कलर की बेहद खूबसूरत इवनिंग गाउन में हाई हील्स पहनकर वॉक करती नजर आ रही हैं। वो बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं और बहुत आराम से वॉक कर रही हैं। मगर अचानक से चलते हुए वो स्टेज के किनारे पर पहुंच जाती हैं और बुरी तरह से नीचे गिर जाती हैं। मिस जमैका 28 साल की गैब्रिएल हैं। जिनका वीडियो देखकर हर कोई चौंक रहा है। गैब्रिएल का सिर्फ एक स्टेप मिस हो जाता है और वो गिर जाती हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि इस घटना के बाद उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर स्टेज से ले जाते हैं। जो भी इस वीडियो को देख रहा है वो कमेंट करके मिस जमैका की तबीयत के बारे में पूछ रहा है। हर किसी को चिंता हो रही है कि उन्हें कहीं ज्यादा तो नहीं लग गई है। मिस यूनिवर्स जमैका ऑर्गनाइजेशन ने 19 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके इस हादसे के बारे में बताया है।



# बतौर निर्देशक नए जॉनर में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ने न सिर्फ एक अभिनेत्री बल्कि एक डायरेक्टर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2016 में आई फिल्म 'डेथ इन द गंज' का निर्देशन किया। वह 'लस्ट स्टोरीज 2' की सह-निर्देशक रहीं। अब एक्ट्रेस-डायरेक्टर ने अपने अगले डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दी है। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कोंकणा सेन शर्मा ने बताया 'यह एक कॉमेडी शो है, जिसे मैं अपने कॉलेज के दोस्त जयदीप सरकार के साथ लिख रही हूं और इसका निर्देशन कर रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ी घबराई हुई हूं, लेकिन इसके साथ हमें मजा आने वाला है।' कई कलाकार अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करते हैं। ऐसे में कोंकणा सेन शर्मा से पूछा गया कि क्या वह अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें बतौर अभिनेत्री काम करूंगी।



# युद्ध नहीं, कुर्बानी दिखाती है 120 बहादुर

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का दर्शकों को काफी इंतजार था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। कई दर्शकों ने फिल्म को देखकर इस पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी है? एक यूजर ने '120 बहादुर' और फरहान अख्तर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'क्या हम फरहान अख्तर की स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में बात कर सकते हैं? हर फ्रेम, हर डायलॉग और हर झलक बहुत अच्छी है। इस फिल्म को सिर्फ उनके लिए देखा जाना चाहिए।' एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है '120 बहादुर फिल्म देखी। बिना हवा के सपोर्ट के 118 जवान -30 डिग्री में आखिरी सांस और आखिरी गोली तक लड़े। यह फिल्म युद्ध नहीं कुर्बानी दिखाती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए कई खुलासे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन, असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं। इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं।

## मेरे दिल में एक डर बना हुआ है :दीपिका

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर,



चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं। दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है। अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ रिकॉर्ड किए इस वीडियो में दीपिका ने आगे कहा, 'यह सफर बहुत थकाऊ है, लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमारे पास सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला या तो डर के साथ बैठ जाएं और दूसरा डर के साथ ही आगे बढ़ते रहें। मैं आगे बढ़ना चाहती हूं।' दीपिका ने इस वीडियो में उन सभी लोगों से कहा, जो कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं, 'हिम्मत मत हारो, खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

# इस एक्ट्रेस को प्रॉस्टिट्यूशन के लिए किया था मजबूर ठेले पर श्मशान घाट पहुंची थी उनकी लाश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार्स की लाइफ जितनी आसान और लग्जरी दिखती है वैसी होती नहीं है। उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं। अब हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने पहले काफी सक्सेस एंजॉय की, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि उन्होंने मनी और फेम सब गवा दिया। विमी को म्यूजिक डायरेक्टर रवि ने डिस्कवल किया और उस वक्त वह पहले से शादीशुदा थीं। दोनों के 2 बच्चे भी थे। एक बेटा और एक बेटी। विमी के पति ने उनका पूरा सपोर्ट किया और दोनों मुंबई शिफ्ट हो गए ,जहां विमी ने सुनील दत्त की फिल्म हमराज से डेब्यू किया था। दोनों ने साथ में आबू, पतंगा, गुड्डी समेत कई फिल्मों में साथ काम किया था। 1977 में विमी का लिवर की बीमारी की वजह से निधन हो गया। ऐसा कहा जाता है कि उनके निधन के वक्त कोई भी उनका अपना नहीं था और श्मशान घाट उन्हें ठेले पर लेकर गए।



### प्रेमी ने किया गलत इस्तेमाल

ऐसा कहा जाता है कि विमी को फिर एक फिल्म ब्रोकर से प्यार हो गया है था, लेकिन उसने विमी का गलत इस्तेमाल किया और उन्हें प्रॉस्टिट्यूशनके लिए मजबूर किया। उस टॉक्सिक रिलेशन से बाहर आने के बाद विमी ने फिर टेक्सटाइल बिजनेस शुरू किया। बिजनेस भी जब फेल हो गया तो विमी को अपना सारा सामान बेचना पड़ा और घर भी।

### लग्जरी लाइफ के बाद आया भूचाल

एक पॉइंट पर विमी का बड़ा घर था, लग्जरी गाड़ियां थी। उन्हें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं, वह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक भी थीं। हालांकि विमी की ये शोहरत ज्यादा लंबी नहीं चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी और बात यहां तक आ गई कि वह सिर्फ मैगजीन के लिए फोटोशूट तक करती थीं।

### पर्सनल लाइफ में आया बड़ा बदलाव

ना सिर्फ प्रोफेशनल, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनकी लाइफ में बड़ा तूफान आया। विमी अपने पति से अलग हो गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमी के निधन के बाद जारी एक श्रद्धांजलि लेख में यह भी बताया गया कि एक्ट्रेस घरेलू हिंसा का शिकार होती थीं।

# 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के तहत बन रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का पहला लुक सामने आया है। निर्माताओं ने सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली इस फिल्म की रिलीज की तारीख का भी ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्स्ट लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा 'दो दिल एक सहर, एक अपूर्ण रूप से पूर्ण प्रेम कहानी। इस वैलेंटाइन डे पर इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।' जारी किए गए फर्स्ट लुक में सबसे पहले पानी में पड़ा पत्ता नजर आता है। इसके बाद दो चाय के साथ दो हाथ नजर आते हैं। फिर फूलों पर मंडराती तितलियां नजर आती हैं। इसके बाद पहाड़ों का दृश्य दिखता है।




### कई सेलेब्स ने किया लाइक

मेट्रो में एक व्यक्ति सफर करता नजर आता है। फिर पुल के पास बैठा एक जोड़ा नजर आता है। इसके बाद एक जोड़ा पानी में भीगता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं। अभिनेत्री संदीपा धर ने पोस्ट पर दिल वाला इमेज कमेंट किया है। फिल्म निर्देशक जोया अख्तर ने लिखा है 'सिड, मृणाल।' एक और यूजर ने लिखा है 'मुझे टाइटल पसंद आया। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

## अजय की भोला से लेकर ऋतिक की विक्रम वेधा तक

# साउथ की ये रीमेक फिल्में बॉलीवुड में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में अक्सर साउथ की फिल्मों के रीमेक बनते हैं। कई बार यह फिल्में इतनी कामयाब हो जाती हैं कि कमाई के मामले में ये ओरिजिनल फिल्म को पीछे छोड़ देती हैं। आज हम उन बॉलीवुड फिल्मों की बात करेंगे जो साउथ की कामयाब फिल्मों की रीमेक हैं। हालांकि, ये फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप रहीं।

### शहजादा

कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'शहजादा' (2023) में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुरमुलु' (अल्लू अर्जुन वाली) पर आधारित थी। यह फिल्म उस तरह से नहीं चल पाई जैसे इसने साउथ में परफॉर्म किया था। दर्शकों को तेलुगु मूवी में अल्लू अर्जुन का अभिनय और म्यूजिक पसंद आया, लेकिन 'शहजादा' को दर्शकों ने नकार दिया।



### विक्रम वेधा

'विक्रम वेधा' (2022) में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल में थे। यह फिल्म 2017 की तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक थी। दोनों फिल्मों के निर्देशक एक ही थे। जहां साउथ में यह फिल्म अच्छी चली, वहीं बॉलीवुड में यह फ्लॉप रही। बताया जाता है कि रीमेक में असली फिल्म जैसी ओरिजनलिटी नहीं थी।

### भोला

दावा किया जा रहा था कि अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'भोला' (2023), हिट साबित होगी। हालांकि, लोकेश कनगराज की तमिल फिल्म 'कैथी' से प्रेरित इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया। भोला को वाइल्ड एक्शन फिल्म बताया गया था। जानकारों के मुताबिक इसमें स्टंट अच्छे थे, लेकिन असली सस्पेंस की कमी थी।



### देवा

शाहिद कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की रीमेक थी। बॉलीवुड में यह फिल्म फ्लॉप रही। देवा देखने में मजेदार थी, लेकिन स्क्रीनप्ले मजबूत नहीं था। फिल्ममेकर ने इसके आखिरी सीन को बदल दिया, जबकि दर्शक इसकी तुलना ओरिजिनल फिल्म से करते रहे।

### लवयापा

जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' 2022 की तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक थी। इसमें प्यार और भरोसे की थीम कुछ-कुछ तमिल फिल्म जैसी ही थी। 'लवयापा' बहुत यंग और ट्रेंडी लगी। क्रिटिक्स और ऑडियंस को यह ठीक-ठाक लगी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। शिविर के दौरान शिक्षकों को जागरूक करते हुए वक्ता।

### दो दिवसीय जागरूकता शिविर लगाया

**सोनीपत।** कुंडली स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्राचार्य शीला सहरावत की अध्यक्षता में दो दिवसीय खंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समावेशित शिक्षा के अंतर्गत अध्यापकों अभिभावकों को जानकारी देना है। शिविर में विभिन विद्यालयओं से सामान्य शिक्षक अभिभावक विधालय प्रबंधन समिति एव आंगनवाड़ी वर्कर ने भाग लिया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन तिलक राज व सरिता ने मुखबधिर बच्चों के संचार और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान अल्का, अनिता, अमित, निशू, सुनील, अश्विनी, अंकुश, परमिंदर राणा और नीलम मौजूद रहे।

### हथियारों की तस्करी में एक युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस की अपराध इकाईयों (क्राइम यूनिट) ने अवैध हथियार तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शाहिद उर्फ सन्नी निवासी पलड़ी खुर्द, सोनीपत को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। 20 नवंबर को उप निरीक्षक आजाद की टीम को सूचना मिली कि शाहिद उर्फ सन्नी एक अवैध पिस्तौल लेकर एसबीआईटी कॉलेज से पलड़ा की तरफ पुरानी रेत खान के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुँचकर आरोपी को काबू किया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्तौल 315 बोर बरामद हुआ। इस संबंध में थाना बहालगढ़ में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सोनीपत नागरिक अस्पताल में ओपीडी सेवाएं धड़ाम

चार विशेषज्ञ चिकित्सकों की गैर-मौजूदगी के कारण बड़ी संख्या में मरीज बिना उपचार कराए निराश होकर वापस लौटने को मजबूर

## यह स्थिति शनिवार को भी बनी रह सकती है, जिससे मुश्किलें और बढ़ेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को ओपीडी सेवाओं का हाल बुरा रहा, जहां एक साथ चार विशेषज्ञ चिकित्सकों की गैर-मौजूदगी के कारण बड़ी संख्या में मरीज बिना उपचार कराए निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हुए। अस्पताल में प्रतिदिन 1800 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, लेकिन चिकित्सकों की अनुपलब्धता ने स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। शुक्रवार को दो प्रमुख विशेषज्ञ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन दलाल और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप लाकड़ा की ओपीडी नहीं लगी। दोनों चिकित्सक ऑपरेशन थियेटर में व्यस्त रहे। दरअसल, आयुष्मान भारत योजना के तहत 17 से 22 नवंबर तक अस्पताल में एक विशेष शल्य चिकित्सा अभियान (स्पेशल सर्जरी कैंप) चलाया जा रहा है। इस अभियान में 21 प्रकार के ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जिसके चलते दोनों विशेषज्ञ ओपीडी के लिए समय नहीं दे सके। अस्पताल में रोजाना 200 से अधिक हड्डी के रोगी आते हैं, जिन्हें विशेषज्ञ डॉक्टर न मिलने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, यह स्थिति शनिवार को भी बनी रह सकती है, जिससे मरीजों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन को विशेष अभियानों या आधिकारिक ड्यूटी के दौरान ओपीडी सेवाओं को बाधित होने से बचाने के लिए प्रतिनियुक्ति पर वैकल्पिक चिकित्सकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, ताकि आम मरीजों को उपचार से वंचित न होना पड़े।





सोनीपत। अस्पताल में बंद विशेषज्ञ चिकित्सकों के कमरे तथा चिकित्सक के कमरे से वापस आते लोग। फोटो : हरिभूमि

### उपचार न मिलने से बढ़ी मरीजों की हताशा

एक ही दिन में चार चिकित्सकों हड्डी रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ और आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी की ओपीडी बंद रहने से मरीजों में हताशा साफ दिखी। दूर-दराज से आए कई मरीजों ने बताया कि समय और पैसा खर्च करने के बावजूद उन्हें उपचार नहीं मिला, जिसके लिए अस्पताल प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी।

### मनोरोग व आयुर्वेद सेवाएं भी प्रभावित

ओपीडी प्रभावित होने की यह समस्या यहीं नहीं थमी। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप आंतिल भी ओपीडी में उपस्थित नहीं थे। वह शुक्रवार को शहर के नशा मुक्ति केंद्रों की जांच करने के लिए गए हुए थे। नतीजतन, मनोरोग परामर्श के लिए पहुंचे रोगियों को भी बैरंग लौटना पड़ा। इसके अलावा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजू भी अपनी ओपीडी नहीं लगा सकीं। वह गैर-संचारी रोगों से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने गई थीं। इससे आयुर्वेद चिकित्सा पर निर्भर रोगियों को भी लाभ नहीं मिल सका।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ब्लॉक समिति सदस्यों की बैठक लेते हुए।

## ब्लॉक समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- विधायक ने कहा-हर काम गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा होगा

गन्नौर के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को ब्लॉक समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, अध्यक्षता विधायक देवेंद्र कादियान व समिति चेयरमैन अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान कार्यकाल के अब तक विकास कार्यों की समीक्षा करना और नए कार्यों के लिए योजना तैयार करना था। इस अवसर पर विधायक कादियान ने अधिकारियों और कर्मचारियों से काम की गुणवत्ता में कोताही न बरतने की सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी कार्य में खामी पाई जाती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में समिति सदस्यों ने उनके वार्डों में विकास कार्यों को लेकर भी डिमांड रखी है, जिस पर विधायक ने भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार तक पहुंचाया जाएगा आवश्यक कामों को पहले मंजूरी दिलाई जाएगी। कादियान ने कहा कि सभी ब्लॉक समिति सदस्यों का क्षेत्र का विकास करवाना एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए, तभी हम अपने हलके का चहुंमुखी विकास करवा सकते है। विकास कार्यों में किसी भी तरह की राजनीति या भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ कागजों में नहीं, जमीनी स्तर पर विकास दिखाना है। इस अवसर पर एसडीओ विपुल छौक्कर, एसडीओ सचिन कुमार, जेई लाकेश, समिति मेंबर अमित, प्रीति त्यागी, अजय कुमार, सोनू, जगमेंद्र सिंह, रामनिवास, राजबाला, सुरेंद्र, मंजू रानी, अरुण, रिंकू देवी, राजेश आदि मौजूद रहे।

## ब्राइट स्कॉलर स्कूल में खेल उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के जूनियर विंग का वार्षिक खेल महोत्सव आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव की थीम ऊर्जा रही। कार्यक्रम में बच्चों के लिए अनेक रोमांचक और मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें सैरू प्रिंस रेस, मां का रेस, रिले रेस, रसगुल्ला रेस, लेमन-एंड-स्पून रेस सहित कई गतिविधियां शामिल रहीं। बच्चों ने उत्साह, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता विद्यार्थियों को मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण घोषणाओं, पुरस्कार वितरण और इस संदेश के साथ हुआ कि खेल केवल जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास को विकसित करने का माध्यम है। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेल को जीवन का आवश्यक हिस्सा बताते हुए कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखते हैं।




## मेयर ने सीवर लाइन का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला जेल परिसर के पीछे प्रगति नगर एक्सटेंशन में डाली जा रही नई सीवर लाइन का मेयर नगर निगम राजीव जैन ने अधिकारियों के संग निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि पुलिस लाईन की सीवर लाईन और ग्राउंड के पानी की निकासी का कनेक्शन भी नई लाईन में जोड़ दिया जाए। राजीव जैन शुक्रवार को कार्यकारी अभियंता पद्म भूषण, म्यूनिसिपल इंजीनियर देवेंद्र खासा, कनिष्ठ अभियंता विपिक राणा के साथ मौके पर पहुंचे और कार्य के गुणवत्ता की जांच की। पाईप के नीचे रोडी डालकर बेस बनाया जा रहा है या नहीं, मैनहोल की साइड और लगाए जा रहे मैटीरियल को भी जांचा। मेंयर ने निर्देश दिए कि सीवर लाईन या स्ट्रोम वाटर लाईन डालने में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजीव जैन ने बताया कि प्रगति नगर एक्सटेंशन की वर्षों पुरानी सीवर जाम होने की समस्या के समाधान के लिए 88 लाख रुपए की लागत से नई लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया है, लाईन का काम शुरू करते समय विचार विमर्श करते हुए तय किया गया की पुरानी लाईन में ही कनेक्शन करने का कोई फायदा नहीं होगा इसलिए पुलिस लाईन परिसर से लाईन डालकर गोहाना रोड की मेन सीवर लाइन में कनेक्शन किया जाए।



सोनीपत। अधिकारियों के साथ सीवर लाइन का निरीक्षण करते मेयर राजीव जैन।

## बेटी बोझ नहीं, अभियान के तहत कराई जरूरतमंद कन्या की शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा बेटी बोझ नहीं – जरूरतमंद कन्या विवाह परियोजना के तहत शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला सोनीपत में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह सम्पन्न कराया गया। संस्था के चेयरमैन वाई. के. त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के विवाह में सहयोग कर रही है। अब तक 160 से अधिक कन्याओं की शादी संस्था द्वारा दानदाताओं के सहयोग से कराई जा चुकी है। विवाह में कन्या को आवश्यक गृहस्थी का पूरा सामान उपलब्ध करवाया जाता है तथा विवाह समारोह में भोजन आदि की संपूर्ण व्यवस्था भी संस्था द्वारा की जाती है। विवाह समारोह में न तो कोई बैनर लगाया जाता है, न मंच, और न ही संस्था से जुड़े लोग विवाह स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वर–वधु व उनके परिवार की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है, ताकि उनके सम्मान को किसी प्रकार की ठेस न पहुंचे। आज के विवाह की को-ऑर्डिनेटर शालू त्यागी ने बताया कि कन्या को बेड, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, सिलाई मशीन, गद्दे, चांदी का सामान, स्टील बर्तन सेट, कपड़े, घड़ी, मेकअप किट, कुकर, संदूक, सूटकेस सहित पूरा गृहस्थी सामान प्रदान किया गया।

## गीता महोत्सव को लेकर संगठनों ने बनाई रूपरेखा

- 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक होगा जिला स्तरीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के सुभाष स्टेडियम में 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सामाजिक, धार्मिक व अन्य संगठनों की बैठक हुई। बैठक में सभी संगठनों के द्वारा गीता महोत्सव को भव्यता व शानदार ढ़ग से मनाने के लिए फैसला लिया गया। बैठक में शोभा यात्रा, शोभा यात्रा के दौरान निकाली जाने वाली झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेवा कार्य, सुरक्षा व्यवस्था, स्वंयसेवकों की जिम्मेदारियां और प्रचार-प्रसार जैसे मुद्दो पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया कि सभी मिलकर एकजुटता, समन्वय और सेवा भावना के साथ महोत्सव को सफल बनाएंगे।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान विभिन्न धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक समितियों, एनजीओ एवं स्वयंसेवी समूहों के प्रतिनिधि संजय सिंगला, प्रवीन वर्मा, मोहन सिंह मनोचा, बीआर आहुजा, नरेन्द्र भुटानी, मोहन डुडेजा, अरूण बंसल, नितिन जैन, जयवीर गहलावत, पवन शर्मा, रविंद्र आर्य, रविंद्र सरोहा, परमानंद बतरा, दीपक आर्य, अनंद कुमार, मनोहर लाल, रवि गरोवर, पवन तनेजा, सुधीर, बीके परमोद, पहलवान हवा सिंह, सुरेन्द्र कश्यप, लाजपत मुखी, दीपक गुप्ता, सुरेश, अराधना, दिनेश, मदन, रामकिशन, दिनेश, डॉ. सुभाष सिसोदिया, लक्ष्मी नारायण, अनिल लाथर व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## इंटर कॉलेज एथलेटिक्स में जीवीएम की छात्राओं ने जीते पांच पदक



- जीवीएम ने प्रतियोगिता में द्वितीय रनर-अप की ट्रॉफी कब्जाई

सोनीपत। विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स में हुई इंटर कालेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में पांच पदक जीते। इस प्रदर्शन के साथ ही जीवीएम की टीम ने द्वितीय रनर-अप ट्रॉफी भी कब्जाई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। जीवीएम की खेल प्रभारी अनु ने बताया कि इंटर कालेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीवीएम की छात्राओं ने एक रजत पदक और चार कांस्य पदक जीते हैं। बीए प्रथम वर्ष की शिवांशी ने पॉलवॉल्ट में रजत पदक तथा बीएससी प्रथम वर्ष की नैन्सी ने पॉलवॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इनके अलावा बीए अंतिम वर्ष की छात्रा तनू ने जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक तथा तथा ट्रिपल जंप में कांस्य पदक और बीए प्रथम वर्ष की शिवांशी ने 100 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं का स्वागत किया।

### बच्चों को नैतिक शिक्षा के प्रति जागरूक किया

**सोनीपत।** गढ़ी ब्राह्मण व गढ़ी घसीटा के सरकारी स्कूलों में जीवन रक्षक ब्लड समिति और महाराणा प्रताप युवा समाज सेवा समिति द्वारा नैतिक शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। तेजी से बदलते समाज में नैतिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को ईमानदारी, सम्मान, सहानुभूति, करुणा, जिम्मेदारी और न्याय जैसे मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयवीर गहलावत, प्रिंसिपल अतुल कुमार और मुख्य अध्यापिका हरकौर ने छात्रों को नैतिक मूल्यों की आवश्यकता समझाई। मुख्य वक्ता हुक्म चन्द भारद्वाज और डॉ. दीवायानी चमोली ने नैतिक शिक्षा को जीवन निर्माण का आधार बताते हुए कहा कि इससे छात्रों में चरित्र निर्माण, सामाजिक सद्भाव और जिम्मेदार नागरिकता की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में धर्मवीर दहिया, भूपेंद्र, नरेंद्र, मोनू और पूरे स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को जागरूक करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### हादसे में तीन घायल

**सोनीपत।** सड़क हादसे में मां और दो बेटी घायल हो गई हैं। कुमासपुर की सविता ने बताया कि उसकी 11 साल की बेटी लावन्या व 8 साल की बेटी रियाना ट्यूशन पर जाती हैं। वह अपनी दोनों बेटियों को स्कूटी से घर ला रही थी। स्कूटी वह खुद चला रही थी। उसके पीछे लावन्या बैठी हुई थी। लावन्या के पीछे रियाना बैठी हुई थी। वे ओमेक्स सिटी के डबल रोड पर पहुंचे। अचानक ओमेक्स सिटी से एक तेज रफ्तार कार आई। कार ने स्कूटी को टक्कर मारी। जिससे महिला व उसकी दोनों बेटियां सड़क पर गिर गई। तीनों को गंभीर चोट लगी। महिला की सूचना पर उसके परिवार के सदस्य पहुंचे। उन्होंने तीनों को सोनीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें बीपीएस खानपुर भेज दिया। परिजनों ने उन्हें सोनीपत के पाटिल अस्पताल में भर्ती कराया है। बहालगढ़ थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला के परिजनों ने कार का नंबर पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने पहचान का प्रयास कर रही है।

## खेल कूद

### महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में 50वी वार्षिक एथलेटिक्स मीट संपन्न

# एथलेटिक्स मीट में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत बना चैंपियन

1500 मीटर स्नेह, 100 मीटर शुभम, 500 मीटर अंकिता, लांग जम्प, ट्रिपल जम्प दीप्ती प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में आयोजित 50वी वार्षिक एथलेटिक्स मीट गुरुवार को संपन्न हो गई। इस 3 दिवसीय एथलेटिक्स मीट में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने प्रथम स्थान हासिल करने पर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी।

शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया की यह प्रतियोगिता 18 नवंबर से 20 नवंबर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में हुई जिसमें टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने 108 पॉइंट्स लेकर चैंपियन बना। डॉ. मंगल सेन मल्टीपर्पज जिम्नेजियम हॉल में आयोजित समापन समारोह में डीन कॉलेज डेवलपमेंट कॉउंसिल प्रो. विनीता हुड्डा व खेल निदेशक डॉ. शुकंतला बेनीवाल ने विजेताओ को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया।

मेडल हासिल करने वाले छात्राओं में 1500 मीटर स्नेह, 100 मीटर शुभम, 500 मीटर अंकिता, लांग जम्प, ट्रिपल जम्प दीप्ती, रिले रेस में प्रथम, 21 किलोमीटर वक रेस रचना ने प्रथम, 200 द्वितीय शुभम, हर्डल पूजा द्वितीय, रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।




सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करेंगी

टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की। इस अवसर पर स्पोर्ट्स कमेटी कंचन सीधर, डॉ. हेमलता, डॉ. सविता, डॉ. अल्का व डॉ. सविता ने बधाई ने भी बधाई दी।